<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वी जयंती पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का करेंगे उद्घाटन। पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर प्रदेश भर में होंगे विविध आयोजन।
- अनुपूरक बजट सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के बाद प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिये स्थगित। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जन–कल्याणकारी योजनाओं ने बदली प्रदेश की पहचान।
- उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन आगरा में सांसद खेल महोत्सव में हुये शामिल। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जन–जीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक घने कोहरे और शीतलहर का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- शाहजहांपुर में एक ट्रेन की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की एक सौ एक–वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे। पैंसठ एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये गये राष्ट्र प्रेरणा स्थल परिसर में श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

**आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे। हम सबको पूज्य अटल बिहारी वाजपेई जी की जो जन्म शताब्दी है, ऐसे अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, पूज्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमाओं का आपको दर्शन प्राप्त होंगे। एक बड़ा पार्क बनाया गया है। भारत माता के जो सच्चे पुजारी थे, उनकी स्मृतियों को नमन करने के लिए एक बड़ा वहां पर कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।**

राष्ट्र प्रेरणा स्थल को एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और राष्ट्रीय महत्व के प्रेरणा परिसर के रूप में विकसित किया गया है। एक रिपोर्ट....

***राष्ट्र प्रेरणा स्थल को एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और स्थायी राष्ट्रीय महत्व के प्रेरणादायक परिसर के रूप में विकसित किया गया है। लगभग 230 करोड़ की लागत से निर्मित और 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला यह परिसर एक स्थायी राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में बनाया गया है, जो नेतृत्व मूल्यों, राष्ट्रीय सेवा, सांस्कृतिक चेतना और सार्वजनिक प्रेरणा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं हैं, जो भारत की राजनीतिक सोच, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन में उनके महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक हैं। इसमें एक अत्याधुनिक संग्रहालय भी है जिसे कमल के फूल के आकार में बनाया गया है, जो लगभग 98,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी लखनऊ।***

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर संस्कृति विभाग की ओर से कलाकारों द्वारा लखनऊ सहित अन्य जिलों में भव्य प्रस्तुतियां दी जायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर उन स्थानों को विशेष रूप से चुना गया है जहां अटल जी का जीवन, विचार और सार्वजनिक यात्रा जुड़ी रही है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किये गये हैं। हजारों की संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जिसमें अट्ठारह कंपनी पीएसी और चार कंपनी आर ए एफ शामिल हैं। इसके अलावा पूरा क्षेत्र सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा।

**********

प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन कल जनप्रतिनिधियों ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ–साथ अलग–अलग मुद्दे सदन में उठाये, जिसका सत्तापक्ष ने जवाब दिया। सदन में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में प्रदेश में पिछले नौ साल के कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों के साथ भावी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरे देश में प्रदेश की पहचान बदली है। श्री योगी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करके निवेश को बढ़ाकर सरकार ने ये साबित करके दिखाया है कि अगर दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो परिवर्तन लाया जा सकता है।

***हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश पर लगे हुए बीमारू के कलंक से हमने इसको यूपी को मुक्त किया है। आज यूपी बीमारू राज्य नहीं है। गत 5 वर्ष से रेवेन्यूसरप्लस स्टेट के रूप में आज यूपी मजबूती के साथ दमदारी के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारे पास***

***अलग–अलग सेक्टर की पॉलिसीज है। कोई भी निवेशक आएगा। उसके लिए लैंड बैंक है। सरकार ने उसको यहां पर एक गुडगवर्नेंस का एक माहौल भी दिया है।***

नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के सवाल का जवाब देते हुए श्री योगी ने कहा कि जहां पर जो भी शिकायत मिलती है कठोर कार्रवाई की जाती है। इससे पूर्व प्रश्नकाल में अधिकांश मुद्दे बिजली और पर्यावरण पर केंद्रित रहे। सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव के अघोषित बिजली कटौती को लेकर उठाये सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि पिछले नौ सालों में बिजली की आपूर्ति और उत्पादन में व्यापक सुधार हुआ है।

बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाये गये विपक्ष के सवाल का जवाब देते हुए पर्यावरण और वन मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम में सभी की सहभागिता जरूरी है। विधानसभा में अन्य विधायी कार्य निपटाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया।

उधर, विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सरकारी नौकरी में हुई भर्तियों में आरक्षण के नियमों का पालन न किये जाने और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। इस पर नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार ने आरक्षण का पूरा पालन हो रहा है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया। बाद में सभापति ने विधान परिषद की कार्यवाई को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया।

**********

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णनन ने कल आगरा के एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम में चल रहे सांसद खेल महोत्सव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि इससे अनुशासन, धैर्य और चरित्र निर्माण जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव इस को आगे बढ़ा रहा है। उपराष्ट्रपति ने इस दौरान स्टेडियम परिसर में पौधा लगाकर पर्यावरण सरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री एस पी सिंह बघेल भी उपस्थित रहे। उधर सिद्धार्थनगर में चल रहे सांसद खेल महोत्सव में बड़ी संख्या में युवा हिस्सा ले रहे हैं। स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा–

***करीब 36,000 लड़के और लड़कियां इस खेल में भाग ले रही हैं और उन बच्चों को जो ग्रामीण प्रतिभाओं जिनको कहीं प्लेटफार्म नहीं मिलता था। इस सांसद खेल महोत्सव में उनको प्लेटफार्म मिल रहा है और इनमें इतनी संभावनाएं हैं कि भविष्य में यह न केवल जिले स्तर पर प्रदेश देश स्तर पर नाम करेंगे।***

**********

प्रदेश भर में आज क्रिसमस का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। कल आधी रात से पर्व को मनाने की शुरूआत हो गयी। सभी गिरजा घर रोशनी से जगमगा उठे। ईसाई समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जिलों में घने कोहरे के चलते जन जीवन प्रभावित हो गया है। इसका असर रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ रहा है। ठंड को देखते हुए कई जिलों में जिला प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का निर्देश जारी किया है। कुछ जिलों में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में अगले तीन दिनों के लिये अत्यंत घने कोहरे और शीत लहर का अरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********

शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में रोजा स्टेशन के पास एक बाइक के ट्रेन की चपेट में आ जाने से उस पर सवार दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची रेलवे और सिविल पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**********